हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 1 नवंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर हुआ प्रतिमा का लोकार्पण



10 स्वामित्व रजिस्ट्री में रायसेन जिला पिछड़ा लक्ष्य से एक तिहाई...



RERA- In Progress

श्री बालाजी ईको सिटी फेस-2 एवं श्री बालाजी सिटी प्रीमियम में

LUXURY DUPLEX

आपके सपनों का घर, अब आपकी पसंद

SHRI BALAJI ECO CITY

GRAND ENTRANCE | PREMIUM INTERIORS | AMPLE PARKING

PREMIUM LOCATION | SAFE & SECURE LIVING | GREEN SURROUNDINGS

SHRI BALAJI ECOCITY

Quality work for luxurios lifestyle

Phase - II

SHREE BALAJI city PREMIUM

SBI | सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया Central Bank of India | HDFC BANK We understand your world | 90% लोन सुविधा उपलब्ध है

✓ सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा ऋण सुविधा उपलब्ध है

✓ कृषकों के लिए भी होम लोन सुविधा

बालाजी ईकोसिटी फेज-2 - पता : वात्सल्य स्कूल के पास, हरिपुरा, सोंठिया रोड, विदिशा

बालाजी सिटी प्रीमियम - पता: सरस्वती स्कूल के सामने, दुर्गा नगर रोड, विदिशा

ऑफिस: प्रथम तल, गोपाल काम्प्लेक्स, बैंक ऑफ इंडिया के ऊपर, राजीव नगर, विदिशा

Project by NARESH BUILD AND HOMES PVT.LTD.

A project by BALAJI GROUP

CALL US: 9993577113, 8251001111, 9827522045

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3550
उच्चतम भाव-7201
सरसों
न्यूनतम भाव-7400
उच्चतम भाव-8701
चना
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-7200
मसूर
न्यूनतम भाव-4100
उच्चतम भाव-7001
शरबती
न्यूनतम भाव-3750
उच्चतम भाव-5900
गेंहू
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-3380
मूंग
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-6600
बटरी
न्यूनतम भाव-1950
उच्चतम भाव-3950
उड़द
न्यूनतम भाव-1577
उच्चतम भाव-8101
मक्का
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-2660
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3541
धान
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-4915
मटर
न्यूनतम भाव-2550
उच्चतम भाव-2550

कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शनिवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 21312 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

राष्ट्रीय एकता दिवस पर ली शपथ



गंजबासौदा। शनिवार को शनिवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर एसडीएम कार्यालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान एसडीएम अनुभा जैन ने उपस्थित कर्मचारियों को देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। साथ ही सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने तथा समाज में आपसी भाईचारा, सद्भाव और समरसता बनाए रखने का संदेश दिया गया।

ऐतिहासिक आयोजन को लेकर तैयारियां तेज, लगभग 6 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना, कई ट्रेनें और बसें की जा रहीं आरक्षित

मुनि पुंगव श्री सुधासागर महाराज को आचार्य पद पर प्रतिष्ठित करने की उठी मांग

देशभर के जैन समाज में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

युग प्रभावक निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर महाराज को श्रमण नायक आचार्य पद पर प्रतिष्ठित करने की भावना अब देशभर के जैन समाज में जोर पकड़ती जा रही है। इस विषय को लेकर जैन समाज के श्रद्धालुओं, विद्वानों और धर्मप्रेमियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। आगामी दिनों में इंदौर की पावन धरा पर आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक आयोजन में देशभर से लगभग 6 लाख श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए विभिन्न स्थानों से ट्रेनों एवं बसों को आरक्षित कराने की तैयारियां भी की जा रही हैं। वरिष्ठ समाजसेवी एवं अधिमान्य पत्रकार एडवोकेट राजीव जैन सेनानी ने बताया कि मुनि श्री सुधासागर महाराज ने अपना संपूर्ण जीवन जैन धर्म, जिनशासन, तीर्थ क्षेत्रों, जिनालयों और समाज के उत्थान के लिए समर्पित किया है। उन्होंने धर्म और संस्कृति की रक्षा के साथ-साथ युवाओं को धर्म से जोड़ने, समाज में धार्मिक चेतना जागृत करने तथा जिनशासन की प्रभावना के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उनके व्यक्तित्व, तप, त्याग, ज्ञान और धर्म प्रभावना को देखते हुए देशभर के श्रद्धालुओं की भावना है कि उन्हें आचार्य पद से विभूषित किया जाए।





इंदौर की पुण्यधरा से उठी आचार्य पद की ऐतिहासिक मांग

इंदौर की धरती जैन धर्म की गौरवशाली संत परंपरा की साक्षी रही है। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के चातुर्मास से लेकर नवाचार्य समयसागर महाराज तथा मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज की धर्म प्रभावना तक, इस नगरी ने जैन समाज को आध्यात्मिक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी पावन धरा पर 44 वर्षों की अखंड साधना के बाद निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज का मंगल प्रवेश 15, 16 एवं 17 दिसंबर को प्रस्तावित है। इसी अवसर को लेकर उन्हें श्रमण नायक आचार्य पद पर प्रतिष्ठित करने की मांग ने व्यापक आध्यात्मिक चर्चा का रूप ले लिया है।

आखिर क्या है आचार्य पद और कैसे होती है इसकी प्रतिष्ठा

जैन आगम और परंपरा में आचार्य पद केवल सम्मान, उपाधि अथवा प्रतिष्ठा का विषय नहीं है, बल्कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण आध्यात्मिक एवं संगठनात्मक जिम्मेदारी मानी गई है। आचार्य वह होता है जो अपने तप, ज्ञान, चरित्र और आचरण से पूरे संघ को दिशा प्रदान करे। चतुर्विध संघ को एक सूत्र में बांधे, शास्त्रों एवं जिनशासन की रक्षा करे तथा धर्म की प्रभावना को आगे बढ़ाए। इस विषय में गुणायतन के प्रणेता मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज द्वारा पूर्व में दिए गए शास्त्रीय समाधान का उल्लेख भी किया जा रहा है। उन्होंने आचार्य पद की प्रतिष्ठा के संबंध में इतिहास में प्रचलित तीन प्रमुख परंपराओं का वर्णन किया था।

1. **गुरु परंपरा से** - इसमें वर्तमान आचार्य अपने योग्य शिष्य को उसकी योग्यता, तप, ज्ञान और चरित्र के आधार पर आचार्य पद प्रदान करते हैं।
2. **संघ परंपरा से** - जब चतुर्विध संघ सामूहिक रूप से किसी योग्य मुनिराज को आचार्य पद पर प्रतिष्ठित करने का निर्णय लेता है। इसका उदाहरण आचार्य श्री शांतिसागर महाराज का है, जिन्हें तत्कालीन परिस्थितियों में संघ के सामूहिक समर्थन से आचार्य पद पर प्रतिष्ठित किया गया था। इतिहास में आचार्य अर्हद्बली द्वारा महिमा नगरी में मुनियों का महासम्मेलन कर नंदी, सिंह, सेन और देव संघों की स्थापना का भी उल्लेख मिलता है।
3. **समाज एवं विद्वत वर्ग के प्रगाढ़ आग्रह से** - जब समाज और विद्वान किसी योग्य साधु के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रभावित होकर उन्हें आचार्य पद पर प्रतिष्ठित करने की प्रार्थना करते हैं। आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज के आचार्य पद से जुड़े प्रसंग को इस परंपरा के उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। इसी आधार पर विद्वत वर्ग का मानना है कि किसी योग्य मुनिराज को आचार्य पद पर प्रतिष्ठित करने के लिए समाज द्वारा सामूहिक आग्रह एवं अनुशंसा करना जैन परंपरा में महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

क्यों मुनि श्री सुधासागर महाराज के लिए उठ रही है यह मांग - श्रीश जैन, ललितपुर सहित अनेक विद्वानों और धर्मप्रेमियों का मानना है कि मुनि श्री सुधासागर जी महाराज का आध्यात्मिक एवं सामाजिक योगदान अत्यंत व्यापक रहा है। उनके कार्यों को विभिन्न क्षेत्रों में देखा जा सकता है।

तीर्थ क्षेत्र संरक्षण एवं विकास - अनेक जैन तीर्थ क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, संरक्षण और विकास के लिए प्रेरणादायी भूमिका।

जिनालय निर्माण - देशभर में जिनमंदिरों की स्थापना एवं धार्मिक गतिविधियों को प्रोत्साहन।

विद्वानों का निर्माण - संस्कृत, प्राकृत एवं जैन दर्शन के अध्ययन-अध्यापन को बढ़ावा देकर विद्वत परंपरा को समृद्ध करना।

युवा जागरण - युवाओं को धर्म, संस्कार और जिनवाणी से जोड़कर उनमें धार्मिक चेतना जागृत करना।

जिनशासन की प्रभावना - समाज में एकता, धर्मनिष्ठा और आध्यात्मिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास।

विद्वानों एवं श्रद्धालुओं की भावना है कि शांतिसागर महाराज से लेकर विद्यासागर महाराज तक चली आ रही गौरवशाली आचार्य परंपरा को मुनि श्री सुधासागर महाराज के माध्यम से नई दिशा और गति मिल सकती है। उनकी इस भावना के पीछे केवल आचार्य पद की प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि संघ का विस्तार, धर्म की प्रभावना और जिनशासन की मजबूती जैसे व्यापक उद्देश्य भी जुड़े हुए हैं। श्रद्धालुओं की यह भी भावना है कि आचार्य पद पर प्रतिष्ठित होने के बाद संघ में विराजमान ऐलक महाराजों को दिगंबर मुनि दीक्षा प्राप्त हो तथा संघ की आध्यात्मिक परंपरा व अधिक विस्तृत हो।

अनेक संतों एवं सकल संघ का समर्थन - मुनिश्री सुधासागर महाराज को आचार्य पद पर प्रतिष्ठित करने की भावना को लेकर जिन संतों एवं विद्वानों के समर्थन का उल्लेख किया जा रहा है, उनमें आचार्य विनम्रसागर महाराज, आचार्य श्री निर्भयसागर महाराज, मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज, आचार्य श्री वीरसागर महाराज, मुनि श्री प्रणम्यसागर महाराज, आचार्य श्री पुलकसागर महाराज सहित पूज्य संतों एवं सकल संघ के मुनिराजों के नाम शामिल हैं।

कुर्मी क्षत्रिय समाज धर्मशाला में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर हुआ प्रतिमा का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का लोकार्पण शनिवार को वेदनखेड़ी स्थित कुर्मी क्षत्रिय समाज धर्मशाला के पास किया गया। उपस्थित अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। साथ ही सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया गया।

प्रतिमा अनावरण में सिलवानी विधानसभा के विधायक देवेंद्र पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, कुर्मी समाज के प्रदेश अध्यक्ष गिरधारी कुर्मी, युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रतिपाल पटेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि गोविंद पटेल, कुर्मी समाज जिला अध्यक्ष शर्मा बाबू कुर्मी सहित बड़ी संख्या में समाज के नागरिक मौजूद रहे। कुर्मी समाज द्वारा सर्वप्रथम तहसील त्योंदा में एकत्रित होकर वाहन रैली का आयोजन किया गया। जिसमें त्योंदा से गंजबासौदा तक बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता वाहन रैली के माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित हुए। सर्वप्रथम सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण हुआ तथा कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन के माध्यम से सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला। सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल ने बताया कि 550 से ज्यादा रियासतों में बंटे भारत को एक करने का काम सरदार पटेल की दृढ इच्छा शक्ति के कारण ही संभव हुआ एवं कुर्मी समाज भवन निर्माण के लिए विधायक निधि से 2 लाख रुपय देने की घोषणा की गई।

नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे मृत्यु भोज, तेरहवीं जैसी प्रथाओं पर समाज को जागरूक करने का सन्देश दिया एवं महिलाओं को शिक्षित करने की बात कही। जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी ने समाज में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रकाश डाला। कुर्मी समाज के प्रदेश अध्यक्ष गिरधारी कुमायूं ने सरदार पटेल के जीवन पर विस्तृत जानकारी समाज के सामने प्रस्तुत की एवं समाज के संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रतिपाल पटेल ने अपने उद्बोधन में युवाओं को आगे बढ़कर समाज कार्य में भागीदारी बढ़ाने की बात कही। कार्यक्रम के उपरांत सभी अतिथियों का आभार शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर समाज के जिला अध्यक्ष शर्मा बाबू कर्मी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवी महाराज सिंह कुर्मी पिपराहा, उमराव सिंह कुर्मी, पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि गोविंद पटेल, अर्जुन सिंह कुर्मी, बद्री पटेल ,बागरोद सरपंच संतोष पटेल, गणेशाराम पटेल, त्योंदा मंडल अध्यक्ष रोहित पटेल, संजीव पटेल, सरपंच गणेश पटेल, घनश्याम कुर्मी, रवि पटेल , गौरव पटेल, रामबल कुर्मी , मनीष कुर्मी , रवि पटेल, ओमप्रकाश पटेल, हरी दाऊ , शेरसिंह कुर्मी , बलराम कुर्मी एवं अभिषेक पटेल सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।





एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

राज्य आनंद संस्थान, मध्य प्रदेश के तत्वावधान में शनिवार को लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में एक दिवसीय आनंद कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को आनंद, आत्मचिंतन और जीवन में संतुलन के महत्व से परिचित कराना था।

कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर संजय श्रीवास्तव ने राज्य आनंद संस्थान का परिचय देते हुए आनंद की अवधारणा पर विशेष सत्र लिया। उन्होंने प्रतिभागियों को जीवन में आनंद के महत्व और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं आनंद सहयोगी जितेंद्र लोधी ने लाइफ बैलेंस शीट विषय पर सत्र लिया। इस सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विचार करने, अपनी प्राथमिकताओं को समझने तथा जीवन में संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीयूष दुबे, एनसीसी अधिकारी मेजर मनीष छंचार, संजय श्रीवास, एन एस एस अधिकारी नम्रता अरोरा, एनसीसी बटालियन से संबंधित प्रतिनिधि तथा डॉ. निधि शर्मा सहित महाविद्यालय के समस्त उपस्थित विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद प्रोफेसर निधि शर्मा ने राज्य आनंद संस्थान की टीम का आभार व्यक्त किया।

न्यायाधीश ने उपजेल का किया निरीक्षण

गंजबासौदा। शनिवार को उपजेल का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सलीम शेख द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और बंदियों से सीधा संवाद किया। न्यायाधीश सलीम शेख ने बैरकों, भोजनालय, अस्पताल और शौचालय सहित जेल परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता, पेयजल और चिकित्सा सुविधाओं को लेकर जानकारी ली। बंदियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं पूछीं और उनकी कानूनी परेशानियों को सुना। उन्होंने बंदियों को उनके विधिक अधिकारों, निशुल्क विधिक सहायता, जमानत और अपील से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हर बंदी को न्याय पाने का अधिकार है और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उनकी मदद के लिए हमेशा तत्पर है। निरीक्षण के दौरान जेल की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। इस मौके पर उपजेल अधीक्षक आलोक कुमार भार्गव सहित जेल स्टाफ उपस्थित रहा।



वार्ड 18 व 21 में नपा सीएमओ ने किया निरीक्षण

गंजबासौदा। नगर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा विभिन्न वार्डों में साफ-सफाई का कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को नगर के वार्ड क्रमांक 18 एवं 21 में नगर पालिका के सफाई अमले द्वारा विशेष साफ-सफाई की गई। सफाई कर्मचारियों ने वार्ड की विभिन्न गलियों एवं सार्वजनिक स्थानों पर सफाई कार्य किया। इस दौरान नगर पालिका सीएमओ अशोक वर्मा, नपा स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मीना ने दोनों वार्डों में पहुंचकर सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तथा सफाई अमले द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखा। नगर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए नियमित रूप से सफाई कार्य किए जाने पर जोर दिया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा वार्डों में सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए सफाई अमले के माध्यम से लगातार कार्य कराया जा रहा है। यहां उल्लेखनीय है कि नगरपालिका अधिकारियों द्वारा नगर में यातायात व्यवस्था बनाए रखने एवं साफ, सफाई व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नगरवासियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए समय समय पर निरीक्षण किया जाता है,जिससे आमजन को परेशान न हो। इस दौरान नपा सफाई अमला मौजूद रहा।



सैंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में हुआ आयोजन

विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर के सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस का कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य उमेशचंद्र यादव, बालिका इकाई कार्यक्रम अधिकारी रजनी गुप्ता केपी सिंह चौहान, रंजू राठौर, मेघना टेबानी द्वारा दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती माँ का पूजन अर्चन कर किया गया। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति बालिका इकाई स्वयंसेविका चारु खापरे, अनूती दांगी, मुस्कान अहिरवार एवं महक सुमन ग्रुप द्वारा प्रस्तुत की गई।

प्राचार्य उमेश यादव ने छात्रों को बताया कि आज का दिन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि अखंड भारत का जो सपना आचार्य चाणक्य ने सोचा ही नहीं बल्कि पूर्ण भी किया था। इसी प्रकार स्वतंत्रता के पश्चात 565 देशी रियासतों को एक सूत्र में भारत में विलय करने का कार्य सरदार पटेल द्वारा किया गया। राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधने के कारण इन्हें लौह पुरुष की उपमा से विभूषित किया गया। हिंदी विभाग की व्याख्याता रंजू राठौर ने राष्ट्रीय भावना से ओत प्रोत मधुर गीत प्रस्तुत कर स्वयं सेवकों को राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्र सेवा के प्रति प्रेरित करने का कार्य किया।

कार्यक्रम अधिकारी रजनी गुप्ता ने बताया कि सरदार पटेल भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री, गृहमंत्री बने। उनके कृतित्व तथा व्यक्तित्व का भारत सदा ऋणी रहेगा। जिसके लिए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। प्रार्थना सभा के अवसर पर बालिका इकाई कार्यक्रम अधिकारी रजनी गुप्ता द्वारा स्वयं सेवकों एवं समस्त विद्यालय परिवार को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। सन 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पटेल जी की 143 वीं जयंती के अवसर पर गुजरात में स्टैचू ऑफ यूनिटी का अनावरण कर भारत की सबसे बड़ी प्रतिमा देश को समर्पित की, जो देश को एकता के सूत्र में पिरोने करने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी को भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी केपी सिंह चौहान ने माना। इस अवसर पर मेघना टेबानी, प्रियंका अग्रवाल, गोविंद कुशवाह, मनोज श्रीवास्तव, आकाश साहू, अभय तिवारी एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



कांग्रेस ने पुण्यतिथि व जयंती मनाई



गंजबासौदा। शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और देश के पहले गृहमंत्री स्वर्गीय सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म जयंती वरिष्ठजनों की उपस्थिति में पूर्व विधायक कार्यालय में मनाई गई। इस अवसर पर स्वर्गीय इंदिरा गांधी और स्वर्गीय सरदार पटेल की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर रवि तिवारी, सत्य प्रकाश सेन, प्रकाश मिश्रा, बीडी शर्मा, गौरव शर्मा, हलके कुशवाह, पप्पू यादव, सुजीत सराठे सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

करणी सेना ने ज्ञापन सौंपकर की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शनिवार को करणी सेना द्वारा एसडीओपी शिखा भलावी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि ग्राम खड़ेर निवासी संजय सिंह राजपूत के वर्तमान निवास मोहन नगर कॉलोनी रजोदा रोड पर गत रात्रि उस समय अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया, जब वह परिवार सहित पैतृक ग्राम खड़ेर गए हुए थे। जब वह वापिस लौटे, तो उन्होंने घर के अंदर सामान अस्त-व्यस्त पाया। पता चला कि अज्ञात चोरों द्वारा घर में रखी अलमारी एवं गोदरेज को खोलकर उनमें रखे सोने-चांदी के आभूषण एवं नकदी चोरी कर ली गई है। चोरों द्वारा सात लाख नब्बे हजार पांच सौ रुपए के सोने-चांदी के आभूषण तथा एक लाख पांच हजार पांच सौ रुपये नगदी सहित कुल आठ लाख छियानवे हजार रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट प्रकरण पंजीबद्ध किया है। सौंपे गए ज्ञापन में करणी सेना ने विशेष जांच दल का गठन करने, सीसी टीवी फुटेज की सघन जांच, वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच, चोरी गई संपति की बरामदगी, आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। करणी सेना परिवार ने उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाने तथा चोरी की घटना का शीघ्र खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी एवं चोरी गई संपत्ति की बरामदगी के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

खबर संक्षेप

मप्र स्थापना दिवसः पुलिस ग्राउंड में कार्यक्रम आज

विदिशा। मप्र स्थापना दिवस पर एक नवंबर को जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड पर समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद 9.05 बजे मध्यप्रदेश गान, 9.10 बजे मुख्य अतिथि का उद्बोधन और 9.15 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। अंत में वंदे मातरम के साथ समारोह का समापन होगा।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर कर्मचारियों ने ली शपथ

विदिशा। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में सुबह 11 बजे शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपर कलेक्टर मीना मसराम ने निर्धारित शपथ का वाचन किया। संयुक्त कलेक्टर, एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने शपथ दोहराते हुए राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने का संकल्प लिया।

आवेदनों के निराकरण की डीएम ने की समीक्षा

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिले में आयोजित शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शनिवार को समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। तकनीकी या प्रक्रियागत अड़चनों वाले मामलों का संबंधित विभागों के समन्वय से समाधान किया जाए। अधिकारी केवल आवेदन प्राप्त करने तक सीमित न रहें, बल्कि अंतिम निराकरण सुनिश्चित करें। आवेदकों को कार्रवाई की जानकारी दें, ताकि उन्हें सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

दिव्यांग शिविर में 21 लोगों को जारी किए प्रमाण-पत्र

विदिशा। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत 30 अक्टूबर को शमशाबाद के वार्ड क्रमांक 5 में दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। इसमें नटेरन विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों से 29 दिव्यांगजन पहुंचे। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद 21 लोगों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी किए गए। इनमें 18 अस्थि संबंधी, 2 नेत्र संबंधी और एक सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित दिव्यांगजन शामिल हैं। शेष 8 लोगों के पहले से ही प्रमाण-पत्र बने हुए थे। शिविर में आशा कार्यकर्ताओं और सुपरवाइजरों ने दिव्यांगजनों को चिन्हित कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचाने में सहयोग किया। इससे पात्र लोगों को एक ही स्थान पर परीक्षण और प्रमाण-पत्र जारी कराने की सुविधा मिली।

'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन, छात्राओं ने दिया एकता का संदेश

विदिशा। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' में एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेविकाओं, छात्राओं और प्राध्यापकों ने भाग लिया। एनसीसी कैडेट्स ने मानव श्रृंखला बनाई। पोस्टर, नारा लेखन और निबंध के माध्यम से सरदार पटेल के विचारों को प्रस्तुत किया गया। विचार गोष्ठी में रवि रंजन ने पटेल के जीवन और देश के एकीकरण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

निबंध और ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित



हैदरगढ़। शासकीय उमावि हैदरगढ़ में निबंध एवं स्वच्छ भारत विषय पर ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भोपाल सेल्स एरिया के विदिशा बिक्री अधिकारी सुभाष द्विवेदी ने किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रीय एकता और स्वच्छता का संदेश दिया। वहीं चित्रों से स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य पूजा कुर्मी, जनशिक्षक विनोद जैन, अतिथि शिक्षक सुरेंद्र मालवीय सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

निरीक्षण: पैकिंग के नाम पर हो रहे फर्जीवाड़े का जांच में हुआ खुलासा

बेतवा मल्टीफूड पर छापा: सालों से पैक किए जा रहे ब्रांडेड खाद्य तेल, कृति के पाउच जब्त

बंटीनगर के आगे मिर्जापुर में मल्टी फूड कंपनी पर शनिवार को खाद्य विभाग ने छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान भारी मात्रा में कृति खाद्य तेल जैसे सोयाबीन तेल के ब्रांडेड पाउच बरामद हुए हैं। अनियमित्ताएं उजागर होने पर खाद्य विभाग के अधिकारियों ने तेल के तीन सेंपल भी लिए हैं। जिन्हे जांच के लिए भेजा जाएगा। विदिशा में यह कंपनी सालों से खाद्य तेल पाउच पैक करने का काम कर रही है। लेकिन खाद्य विभाग की मिली भगत से यहां पर मिस ब्रांडिंग की चर्चा हमेशा होती रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शनिवार को खाद्य एवं अपमिश्रण विभाग के द्वारा मिर्जापुर मंडी क्षेत्र के पास सोयाबीन के तेल पाउच पैक करने वाली कंपनी बेतवा मल्टी फूड पर छापामार कार्रवाई की गई। टीम ने दावा किया है कि उन्होंने 880 लीटर सोयाबीन तेल जब्त किया है। साथ में सोयाबीन तेल कृति ब्रांड के पाउच सहित अन्य कंपनियों के भी पाउच पैकेजिंग यूनिट से जब्त किए हैं।

हैरत की बात तो यह है कि फूड इंस्पेक्टर की मिलीभगत से बेतवा मल्टीफूड सालों से विदिशा में सोयाबीन तेल की पैकेजिंग का लाइसेंस लेकर कार्य कर रही है। इस छापामार कार्रवाई में भी हैरत की बात यह भी सामने आ गई है कि प्रशासन ने मात्र 880 लीटर तेल ही ऑन रिकार्ड जब्त किया है। यह मात्रा भी मीडिया से छिपाने का प्रयास किया गया है। अंदरूनी सूत्रों से 880 लीटर सोयाबीन तेल जब्ती की जानकारी सामने आई है। यदि टीम ईमानदारी से कार्य करती तो यहां हजारों लीटर सोयाबीन तेल की जब्ती होती। अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान यहां कई अन्य प्रकार की अनियमित्ताएं भी पाई गईं हैं। खादय विभाग की टीम ने यहां से कीर्ति रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, 900 ग्राम पाउच, कनक श्री रिफाइंड सो या बी न तेल 400 ग्राम पाउच, ए वी ए न कनक श्री रि फा इं ड सो या बी न तेल 800 ग्राम पाउच के नमूनों को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के समय प्लांट परिसर में स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों से संबंधित अनेक अनियमितताएं पाई गईं। तय मानकों के अनुसार एक लीटर तेल के पाउच का वजन 916 ग्राम होना चाहिए और उसके अंदर 910 ग्राम सोयाबीन का तेल होना चाहिए। इसी तरह 15 लीटर सोयाबीन तेल के जार का वजन 14 किलो 200 ग्राम होना चाहिए और 15 लीटर सोयाबीन तेल के जार के अंदर 13 किलो 650 ग्राम सोयाबीन तेल होना चाहिए, लेकिन विदिशा के मार्केट में एक लीटर तेल पाउच के नाम पर 750 ग्राम से लेकर 800 ग्राम के पाउच चलन में चल रहे हैं। इसी तरह 15 लीटर वाले जार के नाम पर 12 किलो सोयाबीन तेल की पैकेजिंग चलन में है। खाद्य विभाग द्वारा कंपनी संचालक को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया जा रहा है।



विदिशा। निरीक्षण के दौरान सैंपल लेते हुए खाद्य विभाग के अधिकारी।



राहुल जैन
संचालक बेतवा मल्टी फूड

पुलिस ने जुआ खेलते 8 आरोपियों को दबोचा

ग्राम घटवाई में घेराबंदी कर दी दबिश, 22,570 रुपए नकद, 7 मोबाइल और दो बाइक बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में जुआ-सट्टा और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत नटेरन पुलिस ने ग्राम घटवाई में दबिश देकर जुआ खेल रहे 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 22 हजार 570 रुपए नकद, 7 मोबाइल फोन और दो मोटरसाइकिल सहित कुल 1 लाख 80 हजार 570 रुपए का मशरूका जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार संध्याकालीन भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम घटवाई में कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपए-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के बाद पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर दबिश दी और मौके से आठ लोगों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों में सुनील रघुवंशी निवासी बासौदा, चरनसिंह अहिरवार, धर्मेंद्र जाटव और विनोद बैरागी निवासी घटवाई, भागीरथ शर्मा व हिम्मतसिंह रघुवंशी निवासी सिलवाय खजूरी, प्रेमसिंह रघुवंशी निवासी नागौर और लालसिंह रघुवंशी निवासी जौहद शामिल हैं। पुलिस ने जुआ फड़ से ताश की 52 पत्तियां, नकदी, मोबाइल और बजाज डिस्कवर व टीवीएस विक्टर मोटरसाइकिल जब्त की हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना नटेरन में प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई।

सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि, छात्रों ने ली एकता की शपथ



विदिशा। साकेत एमजीएमसी स्कूल में भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट के तहत सातवें फिट इंडिया रन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने एकता एवं स्वतंत्रता की शपथ ली। दौड़ का संदेश 'एकता को नमन, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि और फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज' रहा। प्राचार्य डॉ. जीडी पाटिल ने प्रतिदिन 30 मिनट शारीरिक गतिविधि करने का संकल्प दिलाया। दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ के तहत युवा संवाद, विधायक मुकेश टंडन ने युवाओं से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

रविन्द्रनाथ टैगोर भवन में शनिवार को 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' के तहत युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विधायक मुकेश टंडन ने युवाओं से संवाद कर लोकतांत्रिक मूल्यों, राष्ट्रहित और सामाजिक दायित्वों पर विचार साझा किए।

विधायक टंडन ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उनकी ऊर्जा और सामर्थ्य से सकारात्मक बदलाव संभव है। विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में युवाओं ने भी अपने विचार रखे और देश की एकता-अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्यामसुंदर शर्मा, संदीप डोंगर, वीर सिंह रघुवंशी, पंकज पांडे सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



युवा संवादः विधायक साप्रे ने छात्रों को बताई लोकतंत्र की अहमियत

कुरवाई। शासकीय कॉलेज कुरवाई में शनिवार को विकसित भारत युवा संवाद एवं लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विधायक हरि सिंह साप्रे ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक साप्रे, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी, विनोद जैन और प्राचार्य डॉ. एके चतुर्वेदी ने किया। विधायक साप्रे ने सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान, डॉ. भीमराव अंबेडकर के राजनीतिक जीवन और अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के 1999 के विश्वास मत जैसे ऐतिहासिक प्रसंगों पर विचार रखे। उन्होंने युवाओं से इतिहास को समझने, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक रहने और राष्ट्र की एकता-अखंडता के लिए जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन अक्षय कुमार तिवारी ने किया। आभार डॉ. संदीप कुमार पाण्डेय ने माना। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी, विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित रहे।



जिला कांग्रेस सेवादल ने इंदिरा गांधी और सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

विदिशा। जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा शनिवार को देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर इंदिरा राजीव उद्यान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। सभा में उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी का देश की एकता, अखंडता और विकास में अतुलनीय योगदान रहा है। वहीं सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। दोनों नेताओं का त्याग, समर्पण और राष्ट्रसेवा का भाव सदैव देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर, लक्ष्मण सिंह रघुवंशी, सुभाष बोहत, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू, अवधेश दुबे, सेवादल मुख्य संगठक रामराज सिंह दांगी, जिला कांग्रेस संगठन महामंत्री गोविंद भार्गव सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डंडापुरा से एक स्मैक तस्कर गिरफ्तार, 17.25 ग्राम स्मैक, 10 हजार और मोबाइल जब्त



विदिशा। कोतवाली में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम के जवान।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

डंडापुरा इलाके में कोतवाली पुलिस ने स्मैक तस्कर राकेश साहू को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 17.25 ग्राम स्मैक पाउडर, 10 हजार रुपए नकद और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। स्मैक की कीमत करीब 1 लाख 72 हजार रुपए है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि पुलिस पता लगा रही है कि आरोपी स्मैक कहां से खरीदता था और किन लोगों तक पहुंचाता था। पुलिस उन लोगों की भी तलाश कर रही है, जो उसे स्मैक की डिलीवरी देते थे। पूछताछ और जांच के आधार पर इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस अब स्मैक के सप्लायर और पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। डंडापुरा में गांजा बेचने का कारोबार भी लंबे समय से चल रहा है।

कचरा संग्रहण पर सवाल, नगरपालिका कचरा शुल्क तत्काल बंद करेः नेता प्रतिपक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नगरपालिका की सफाई व्यवस्था और डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण को लेकर नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद आशीष माहेश्वरी ने सवाल उठाए हैं।



उन्होंने कहा कि निजी कंपनी वी वॉइस को जिम्मेदारी सौंपने के बावजूद शहर के कई वार्डों में नियमित कचरा गाड़ियां नहीं पहुंच रही हैं। घरों से कचरा नहीं उठने के कारण जगह-जगह ढेर लगे हैं और नागरिक परेशान हो रहे हैं। माहेश्वरी ने कहा कि जब कंपनी को ठेका देने के साथ भुगतान भी किया जा रहा है, तो सफाई व्यवस्था में सुधार क्यों नहीं हो रहा है। नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने कंपनी के कामकाज और अनुबंध की शर्तों की निष्पक्ष जांच कराने, सभी वार्डों में नियमित कचरा संग्रहण सुनिश्चित करने तथा लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा कि जब नागरिकों को नियमित सेवा नहीं मिल रही है, तो उनसे लिया जा रहा कचरा शुल्क तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए।

स्प्रिंगफील्ड के छात्र नितिन ने 5 हजार मीटर की मैराथन जीती, कुलसुम ने सेकंड आकर सिल्वर मेडल हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

राष्ट्रीय एकता दिवस एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर शनिवार को जिला पुलिस बल द्वारा पुलिस लाइन में 5 किलोमीटर मैराथन का आयोजन किया गया। इसमें 500 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, विधायक मुकेश टंडन, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी और वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव ने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई। इसके बाद हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया।

मैराथन पुलिस लाइन से शुरू होकर नीमताल ओवरब्रिज, ट्रैफिक थाना, खेल स्टेडियम और हरिपुरा पुलिया होते हुए वापस पुलिस लाइन पहुंची। खास बात यह रही कि जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भी खिलाड़ियों के साथ दौड़ पूरी की। प्रतियोगिता में अंडर-15 और 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 3 हजार, 2 हजार और 1 हजार रुपए नकद पुरस्कार के साथ शील्ड देकर सम्मानित किया गया। स्प्रिंगफील्ड वर्ल्डस्कूल के छात्र नितिन यादव 5 हजार मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता एवं छात्रा कुलसुम ने दूसरा स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी, डीएफओ हेमंत यादव ने छात्रों को मैडल दिए।



गाय को बचाने में अनियंत्रित हुई बाइक, युवक गंभीर घायल

ग्यारसपुर। ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के मढ़ीपुर के पास शनिवार शाम समय गाय को बचाने के चक्कर में 28 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से विदिशा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। विकास कुर्मी पुत्र रमेश कुर्मी (28 वर्ष) निवासी ग्राम नौरजा बाइक से रायसेन जा रहा था। इसी दौरान मढ़ीपुर के पास अचानक सड़क पर आई गाय को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। हादसे में विकास के सिर में गंभीर चोट आई। ईएमटी लाखन लोधी एवं पायलट राजेंद्र लोधी ने घायल को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया।

ऑनलाइन ठगी रोकने बैंक मैनेजरों की बैठक में निर्देश

संदिग्ध लेनदेन की सूचना मिलते ही खाते को होल्ड करने के निर्देश, ठगी की रकम दूसरे खातों में जाने से रोकने पर जोर



विदिशा। डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पहल की है। एसपी रोहित काशवानी ने कोतवाली थाने में जिले के सभी बैंकों के मैनेजरों की बैठक लेकर साइबर ठगी से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

बैठक में एसपी ने कहा कि साइबर ठगी की रकम अक्सर अपराधी अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में समय रहते संदिग्ध लेनदेन की पहचान कर खातों को होल्ड करना जरूरी है। पुलिस से किसी खाते या ट्रांजेक्शन के संबंध में सूचना मिलने पर बैंक अधिकारी तत्काल कार्रवाई करें, ताकि ठगी की रकम दूसरे खातों में जाने से रोकी जा सके। बैठक में पुलिस अधिकारियों और बैंक मैनेजरों ने ऑनलाइन ठगी के मामलों, संदिग्ध खातों और रकम के लेनदेन को रोकने के तरीकों पर चर्चा की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी ने भी साइबर अपराधों की रोकथाम में पुलिस और बैंक अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता बताई।

धरोहरों से लेकर आधुनिक तकनीक तक की प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

वात्सल्य स्कूल के मेले में दिखा 2047 का आत्मनिर्भर भारत, छात्रों ने मॉडल से दिखाई भविष्य की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शनिवार को वात्सल्य परिवार की ओर से यूनिटी फन फेयर का आयोजन किया गया। बाल मेले में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच से वर्ष 2047 के आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर प्रस्तुत की। मेले में मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, विदिशा के ऐतिहासिक स्थलों और भविष्य की आधुनिक तकनीकों पर आधारित मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, गुरुदेव नंदकिशोर श्रीमाली और सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, संयुक्त कलेक्टर दीपाश्री गुप्ता, सपना जैन, केके साहू, संदीप डोंगर सिंह, बसंत जैन सहित शहर के गणमान्य नागरिक और अभिभावक मौजूद रहे। अंत में संस्था संचालक देवना अरोरा, नम्रता अरोरा, रुचिरा अरोरा, प्रतीक कोहली और संजय शर्मा ने अतिथियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार माना।



विदिशा। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मॉडल बनाकर प्रस्तुत किए।

'हमारा मध्यप्रदेश' विषय पर प्रदर्शनी लगाई

विद्यालय परिसर में 'हमारा मध्यप्रदेश' विषय पर विशेष प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें वात्सल्य और मानसरोवर के विद्यार्थियों ने उदयगिरि की गुफाओं, चरणतीर्थ मंदिर, बालाजी मंदिर, बीजा मंडल, हिंडोला तोरण, हेलियोडोरस स्तंभ (खाम बाबा), लोहांगी पहाड़ी और देवी के बाग के आकर्षक मॉडल तैयार किए। सांची स्तूप सहित मालवा, निमाड़, बुंदेलखंड और बघेलखंड की संस्कृति, परंपराओं और रहन-सहन को भी मॉडल के माध्यम से दर्शाया गया। वैज्ञानिक प्रदर्शनी में विद्यार्थियों के पाईजोइलेक्ट्रिसिटी आधारित मॉडल ने विशेष ध्यान खींचा। इसमें दबाव और कंपन से बिजली पैदा करने की तकनीक समझाई गई। वहीं इकोनोवा 2047 मॉडल के जरिए भविष्य के आत्मनिर्भर शहर की कल्पना प्रस्तुत की गई। इसमें सौर एवं पवन ऊर्जा, वर्षा जल संचयन, हरित भवन, स्मार्ट यातायात और अपशिष्ट प्रबंधन जैसी व्यवस्थाएं दिखाई गईं। मेले में बच्चों ने खानपान के स्टॉल भी लगाए। पानीपुरी, दहीपुरी, भेलपुरी, मंगोड़ी और चाट का अभिभावकों ने स्वाद लिया। वहीं घुड़सवारी, मिकी माउस और झूलों का बच्चों ने आनंद उठाया। अतिथियों और अभिभावकों ने विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता, मेहनत और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की।

कलेक्टर ने की समीक्षा, अधिकारियों को लगाई फटकार, कहा- काम में लाएं तेज गति

स्वामित्व रजिस्ट्री में रायसेन जिला पिछड़ा लक्ष्य से एक तिहाई भी नहीं हो सका काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

ग्रामीणों को उनकी आबादी भूमि का कानूनी मालिकाना हक दिलाने के लिए शुरू की गई स्वामित्व योजना रायसेन जिले में सुस्त रफ्तार से आगे बढ़ रही है। जिला प्रशासन की लगातार समीक्षा और तमाम सख्त निर्देशों के बावजूद रजिस्ट्री का काम लक्ष्य से काफी पीछे है। स्थिति यह है कि रायसेन जिले में कुल 1 लाख 38 हजार 426 प्लॉटों के मुकाबले 31 अक्टूबर सुबह 8 बजे तक केवल 32 हजार 824 रजिस्ट्रियां ही पूरी हो सकी हैं। यानी जिले में अब तक महज 31.17 प्रतिशत लक्ष्य हासिल हुआ है, जबकि 68.83 प्रतिशत काम अभी बाकी है।

- सिलवानी में सबसे कम सिर्फ 20.65 प्रतिशत तक काम पूरा

स्वामित्व रजिस्ट्री योजना की धीमी प्रगति को लेकर कलेक्टर रोहित सिसोनिया राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में नाराजगी जता चुके हैं। लापरवाह अधिकारियों को फटकार लगाने के साथ काम में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके बावजूद तहसीलवार आंकड़े बता रहे हैं कि मैदानी स्तर पर रजिस्ट्री की रफ्तार अभी अपेक्षित गति नहीं पकड़ पाई है।



इनका कहना है

जिले में प्रगति बढ़ाने के उद्देश्य से वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन निगरानी की जा रही है। पटवारियों सहित राजस्व अधिकारियों की जवाबदेही तय की गई है। प्रतिदिन निर्धारित लक्ष्य को पूरा कराने पर प्रशासन का विशेष फोकस है।

- **योगेश्वर भारती,** अधीक्षक, जिला भू-अभिलेख, रायसेन

रायसेन तहसील में 22 हजार से ज्यादा हितग्राही, लेकिन रजिस्ट्री 5 हजार 566 की

जिला मुख्यालय की रायसेन तहसील में 19,209 प्लॉटों के मुकाबले 22,792 हितग्राही दर्ज हैं। इनमें से अब तक केवल 5,566 रजिस्ट्रियां पूरी हुई हैं। एक दिन में 552 रजिस्ट्रियां बढ़ने के बावजूद प्रगति 28.98 प्रतिशत पर ही है। यानी बड़ी संख्या में हितग्राही अब भी अपनी आबादी भूमि के मालिकाना हक अधिकार की प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार कर रहे हैं। जिले की बरेली तहसील में 36 हजार 108 प्लॉट और 49 हजार 547 हितग्राहियों के मुकाबले 8 हजार 363 रजिस्ट्रियां हुई हैं। वहीं सिलवानी में 13 हजार 910 प्लॉटों में से केवल 2 हजार 873 की रजिस्ट्री हो सकी है।

एक दिन में 2947 रजिस्ट्रियां, फिर भी लक्ष्य दूर

प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार 30 अक्टूबर तक रायसेन जिले में 29 हजार 877 रजिस्ट्रियां हुई थीं। इसके बाद एक दिन में 2,947 रजिसट्रियां और दर्ज की गईं। इसके बावजूद कुल लक्ष्य का एक तिहाई भी पूरा नहीं हो पाया है। जिले में करीब 475 पटवारियों पर इस काम की जिम्मेदारी है। वहीं प्रतिदिन 7 हजार से अधिक रजिसट्रियां पूरी करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ऐसे में मौजूदा प्रगतिजिला प्रशासन के अधिकारियों के लिए चुनौती बनी हुई है।

गौहरगंज आगे, सिलवानी सबसे पीछे

तहसीलवार प्रगति में गौहरगंज 54.32 प्रतिशत काम पूरा कर जिले में पहले स्थान पर है। गैरतगंज में 39.36 प्रतिशत और बेगमगंज में 34.89 प्रतिशत रजिसट्रियां पूरी हुई हैं। वहीं जिला मुख्यालय की रायसेन तहसील में 28.98 प्रतिशत, बरेली में 23.16 प्रतिशत और सिलवानी में महज 20.65 प्रतिशत काम हुआ है। सिलवानी की स्थिति सबसे कमजोर है।

योजना के क्रियान्वयन पर भी उठ रहे सवाल

स्वामित्व रजिस्ट्री योजना के तहत पात्र ग्रामीणों को मालिकाना हक देने का उद्देश्य है लेकिन कुछ स्थानों पर अपात्र लोगों को लाभ दिए जाने और कीमती सरकारी जमीनों पर कब्जे को लेकर शिकायतें सामने आ रही हैं। ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच जरूरी है, ताकि वास्तविक पात्र हितग्राहियों को लाभ मिले और सरकारी जमीनों को लेकर भविष्य में विवाद की स्थिति न बने।

अब मैदानी निगरानी बढ़ाने की जरूरत

स्वामित्व योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को उनकी आबादी भूमि का कानूनी हक अधिकार उपलब्ध कराना है। ऐसे में जिले में दो-तिहाई से ज्यादा काम लंबित रहना चिंता का विषय है। खासकर रायसेन, बरेली और सिलवानी तहसीलों में प्रगति बढ़ाने के लिए पटवारियों की जवाबदेही तय करने, लंबित प्रकरणों का निराकरण करने और रोजाना लक्ष्य की समीक्षा करने की जरूरत है।

गैरतगंज पुलिस ने किया खुलासा, तीन गिरफ्तार

खेत के मकान का ताला तोड़ 36 बोरी गेहूं व मोटर चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/गैरतगंज

खेत पर बने मकान को निशाना बनाकर 36 बोरी गेहूं और पानी की मोटर चोरी करने वाले गिरोह का गैरतगंज थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने चोरी किए करीब 10 क्विंटल गेहूं को पिकअप वाहन से ठिकाने लगाया था। पुलिस ने गेहूं की बिक्री से मिले 24 हजार रुपए नकद और वारदात में इस्तेमाल पिकअप वाहन जब्त किया है। जब्त मशरूका की कुल कीमत 3 लाख 74 हजार रुपए बताई गई है।

गैरतगंज थाना के टीआई डीपी लोहिया के मुताबिक, वारदात 13-14 अगस्त 2026 की दरमियानी रात ग्राम डुंगरिया में हुई थी। गांव के रहने वाले लक्ष्मीनारायण लोधी (40) के खेत पर बने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर अंदर घुसे थे। यहां रखी गेहूं की 36 बोरियां और एक पानी की मोटर समेटकर फरार हो गए थे। फरियादी की रिपोर्ट पर 19 अगस्त को गैरतगंज थाने में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी।

मुखबिर की सूचना पर खुला चोरी का राज

जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली। इसके आधार पर पुलिस ने 19 अक्टूबर को अब्बास कुरैशी (28), निवासी ग्राम बरोदिया नौनागर, जिला सागर, हाल ग्राम चुक्का को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपने साथी आमिर उर्फ सोहेल खान, राजाबाबू उर्फ बाबू मंसूरी, मूसा कुरैशी और सुरेन्द्र उर्फ मचला के साथ मिलकर चोरी करना कबूल किया। पुलिस ने इस मामले में अब्बास कुरैशी के अलावा राजाबाबू उर्फ बाबू मंसूरी (22), निवासी राहतगढ़ और आमिर उर्फ सोहेल खान (30), निवासी बरोदिया नौनागर, जिला सागर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से गेहूं बेचने से मिली 24 हजार रुपए की नकदी बरामद की है। इसके अलावा चोरी की वारदात में इस्तेमाल पिकअप वाहन क्रमांक एमपी04 वायएल 2203 भी जब्त किया है।

गेहूं बेचकर मिले 24 हजार रुपए, नकदी व चोरी में इस्तेमाल पिकअप जब्त



एकता दिवस पर बच्चों ने लगाई एकता की दौड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर सांची मार्ग स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ एवं रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया।

कलेक्टर ने सभी को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई। इसके पश्चात रन फॉर यूनिटी दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसमें अधिकारियों, कर्मचारियों, युवाओं तथा छात्र-छात्राओं द्वारा सहभागिता की गई। रन फॉर यूनिटी दौड़ नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए महामया चौक पर पर समाप्त हुई।

उच्चस्तरीय जांच की मांग अभाविप ने सौंपा ज्ञापन आंदोलन की चेतावनी

शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज समनापुर-बरेली में वर्ष 2017 से वर्तमान तक हुई कथित वित्तीय, प्रशासनिक एवं अन्य व्यवस्थागत अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच की मांग उठाई है। इस संबंध में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम तथा कलेक्टर के नाम तहसीलदार शैलेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा।

विद्यार्थी परिषद ने महाविद्यालय की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए इन कथित अनियमितताओं के लिए महाविद्यालय प्रबंधन की कार्यप्रणाली को जिम्मेदार ठहराया है। परिषद का आरोप है कि लापरवाही एवं उचित निगरानी के अभाव में महाविद्यालय में वित्तीय और प्रशासनिक व्यवस्थाओं में अनियमितताएं हो रही हैं।

उपस्थिति, वेतन भुगतान और सरकारी फंड की हो जांच

ज्ञापन में सार्थक ऐप लागू होने की तिथि से अब तक कॉलेज में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों और वेतन भुगतान की पारदर्शिता की जांच कराने की मांग की। इसके अलावा वर्ष 2017 से अब तक कर्मचारियों के वेतन भुगतान, वेतन में देरी, लंबित भुगतान तथा प्राप्त फंड एवं वेतन भुगतान संबंधित वित्तीय अभिलेखों की जांच की मांग भी उठाई है। परिषद ने प्रायोगिक परीक्षाओं से संबंधित बिलों, फैकल्टी सदस्यों के वायरल वीडियो, परीक्षा पारिश्रमिक लंबित रहने के कारणों तथा विभिन्न मदों में प्राप्त शासकीय राशि एवं अनुदान के वास्तविक उपयोग की भी जांच कराने की मांग की है।

ज्ञापन में वर्ष 2017 से अब तक छात्रावास के लिए प्राप्त अनुदान एवं उसके उपयोग का वर्षवार हिसाब सार्वजनिक करने की मांग की गई है। इसमें भोजन, मरम्मत, बिजली, पानी, साफ-सफाई, जनरेटर संचालन, डीजल एवं रखरखाव पर हुए खर्च के बिल-वाउचरों का सत्यापन शामिल है। वहीं, प्रयोगशालाओं एवं कार्यशालाओं के संचालन के लिए पर्याप्त विद्युत व्यवस्था, थ्री-फेस कनेक्शन की उपलब्धता तथा प्रयोगशालाओं के लिए प्राप्त फंड और उपकरणों की भौतिक एवं वित्तीय जांच कराने की मांग भी की गई है।

परिषद ने महाविद्यालय में कुछ व्याख्याताओं द्वारा विद्यार्थियों को कथित रूप से मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने की शिकायतों की जांच कराने की मांग की है।

खेतों से फसल घर लाने की जद्दोजहद में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, नरखेड़ा, जमुनिया, निनोद, बरजोरपुर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों धान की कटाई और फसल निकालने का काम तेजी से चल रहा है। खेतों में धान की फसल पककर तैयार हो चुकी है। ऐसे में किसान जल्द से जल्द फसल की कटाई कर उसे सुरक्षित घर लाने की जुगत में जुटे हुए हैं। हालांकि, मजदूरों की कमी किसानों के सामने बड़ी समस्या बनकर खड़ी हो गई है।

इन दिनों धान की कटाई के लिए पर्याप्त मजदूर नहीं मिल पा रहे हैं। इसके चलते किसानों को अपनी फसल समय पर समेटने में परेशानी हो रही है। कई किसान मजदूरों का इंतजार करने के बजाय खुद ही खेतों में उतरकर धान की कटाई और निकालने का काम कर रहे हैं। वहीं, जिन किसानों के पास संसाधन उपलब्ध हैं, वे कंबाइन हार्वेस्टर और अन्य कृषि उपकरणों से फसल निकाल रहे हैं।

खराब मौसम होने से बढ़ी चिंता

- ग्रामीण अंचलों में सुबह से लेकर शाम तक खेतों में धान कटाई और निकालने का काम दिखाई दे रहा है। किसान परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर फसल को सुरक्षित करने में जुटे हैं। इस समय किसानों की प्राथमिकता यही है कि मौसम दोबारा खराब होने से पहले उनकी महीनों की मेहनत घर तक पहुंच जाए।



डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल में सुरक्षा व जागरुकता सत्र हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल, सीबीएसई ब्रांच बरेली में विद्यार्थियों की सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं व्यक्तिगत जागरूकता को लेकर एक विशेष मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। न्यायाधीश श्री ललित मैदा एवं न्यायाधीश सुश्री अंकिता नागर ने विद्यार्थियों से संवाद किया तथा उन्हें व्यक्तिगत सुरक्षा, आत्म-देखभाल और विभिन्न परिस्थितियों में सतर्क एवं जागरूक रहने के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया।

सत्र के दौरान न्यायाधीशों ने विद्यार्थियों की सुरक्षा संबंधी जागरूकता का आकलन किया और उन्हें स्वयं की सुरक्षा के प्रति सजग, जिम्मेदार एवं आत्मविश्वासी बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का समाधान भी किया तथा अपने अनुभवों के माध्यम से उन्हें महत्वपूर्ण एवं उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों के हित एवं सुरक्षा के प्रति न्यायाधीशों की इस संवेदनशील पहल की सराहना की।



विद्यालय संचालक कौशलेन्द्र रघुवंशी ने न्यायाधीश का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायिक दायित्वों की व्यस्तता के बीच विद्यार्थियों के साथ समय बिताना, उन्हें जागरूक करना और उनके सुरक्षित भविष्य के लिए मार्गदर्शन देना अत्यंत सराहनीय पहल है।

सांईखेड़ा में राज्य स्तरीय चौपड़ प्रतियोगिता शुभारंभ, विजेता टीम को मिलेंगे 25 हजार

प्रदेश के कई जिलों की 100 से अधिक टीमें लेंगी हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

अंचल के ग्राम सांईखेड़ा में स्वर्गीय साहब सिंह सौंगर की स्मृति में दो दिवसीय राज्य स्तरीय चौपड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। श्री लक्ष्मी नारायण बड़ा मंदिर परिसर में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को विधायक देवेंद्र पटेल ने किया। प्रतियोगिता का समापन रविवार को होगा।

आयोजन समिति के राजेश कौरव ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 100 से अधिक टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों में उत्साह देखा जा रहा है। विजेता टीम के लिए प्रथम पुरस्कार 25 हजार 1 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 15 हजार 1 रुपए, तृतीय पुरस्कार 10 हजार 1 रुपए तथा चतुर्थ पुरस्कार 5 हजार 1 रुपए निर्धारित किया गया है।



शुभारंभ अवसर पर विधायक देवेंद्र पटेल ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा.अर्चना की। उन्होंने चौपड़ को भारतीय परंपरा से जुड़ा प्राचीन खेल बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने के साथ ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में सहभागिता करने का आग्रह किया।

बिना मुहूर्त पूछकर कर सकेंगे खरीदारी, कार्तिक माह और रविवार के संयोग से और भी बना खास

दुर्लभ योग में सोना-चांदी, वाहन से लेकर मकान खरीदने का शुभ संयोग

धनतेरस के पहले बाजारों में बरसेगा धन, दो साल के बाद दो दिन खरीदारी का शुभ योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

बिना मुहूर्त पूछे खरीदारी करने का अवसर मिलने वाला है। धनतेरस और दीवाली से पहले एक नवंबर को खरीदारी का शुभ योग बन रहा है। ऐसे में सोना-चांदी, वाहन खरीदना हो या फिर प्रॉपर्टी खरीदना हो। घर में स्थिरता और समृद्धि लानी हो तो इसके लिए जो जरूरत हो उसे खरीद सकते हैं। सनातन शास्त्रीय नियमों के अनुसार, नवंबर की शुरुआत बड़ी खरीदारी के सप्ताह से होने वाली है। 5 को धनतेरस और 6 को दीवाली पर्व से पहले एक नवंबर को रवि पुष्य नक्षत्र बाजार पर धनवर्षा कराने वाला योग होगा।

ज्योतिषाचार्य धर्मशास्त्री पंडित ओमप्रकाश शुक्ला, राममोहन चतुर्वेदी के अनुसार, इस बार एक नवंबर को कार्तिक कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि एवं रवि पुष्य योग है जो अबूझ मुहूर्त है। इसे सर्वार्थ सिद्धि योग का दिन कहा गया है। ज्वेलरी, संपत्ति, मशीन, प्रॉपर्टी, चौपहिया वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स सामग्री या मंत्र-यंत्र की सिद्धि करनी हो तो भी ये दिन बेहद शुभ है। यह दिन धनतेरस में खरीदी के समान ही फलदायी है।

पंडित राममोहन चतुर्वेदी के अनुसार ज्योतिष में कुल 27 नक्षत्रों में पुष्य नक्षत्र विशेष है। इसका स्वामी शनि, राशि कर्क और राशि स्वामी चंद्रमा है। इसके देवता बृहस्पति माने जाते हैं। इनमें मंगल भावना से किए गए कोई भी कार्य में शत-प्रतिशत फल की प्राप्ति होती है। इसमें दान-पुण्य करना चाहिए।

पुष्य नक्षत्र में विवाह के लिए होने वाली खरीदारी भी अच्छी मानी जाती है। बृहस्पतिवार और रविवार को पड़ने वाला पुष्य नक्षत्र खास माना जाता है। बृहस्पतिवार को ये नक्षत्र समझदारी के लिए काफी अच्छा हो जाता है। धार्मिक काम श्रेष्ठ होता है।



दिनभर शुभ मुहूर्त का मिलेगा लाभ

पंडित ओमप्रकाश शुक्ला सौजना के मुताबिक रवि पुष्य योग एक नवंबर को सुबह 10:37 से नवंबर की सुबह 9:04 तक रहेगा। सर्वार्थ सिद्धि योग एक नवंबर को सुबह 6:33 से दो को सुबह 4:30 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त दिन में 11:42 से 12:27 बजे तक, शुभ लाभ मुहूर्त 1:40 से दोपहर 4:22 तक तथा गोधूलि मुहूर्त शाम 5:36 बजे से 6:02 बजे तक रहेगा। इसके उपरांत दूसरे दिन सुबह तक रवि पुष्य व सर्वार्थ सिद्धि योग का शुभ संयोग रहेगा।

हर तरह की खरीदारी फलदायी

स्वर्ण आभूषण, चांदी के सिक्के, सोना-चांदी, घर से लेकर उद्योगों के औजार, टेंटर और धान खरीदना हो तो यह नक्षत्र उपयुक्त है। नए बही-खाते, लैपटॉप, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, धार्मिक पुस्तकें, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, देवी-देवताओं की मूर्तियां या घर का उपयोगी सामान भी खरीदा जा सकता है।